# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 7 मई 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


**तापमान**

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

4 विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं ने किया विवि का घेराव, कुलसचिव को सौंपा मांगों का ज्ञापन



## खबर संक्षेप

### मौसम साफ : उमस से दिनभर बेहाल रहे लोग

**सोनहत।** खंड क्षेत्र में 6 मई को मौसम दिनभर साफ रहा, लेकिन तेज धूप और उमस ने आमजन को खासा परेशान किया। सुबह से ही आसमान साफ रहा और जैसे-जैसे दिन चढ़ा, वैसे-वैसे तेज धूप और उमस बढ़ती गई, जिससे दोपहर से लेकर शाम तक लोग गर्मी से हलाकान नजर आए। मौसम में कभी-कभार हल्की धूप-छांव जरूर देखने को मिली, लेकिन उमस में कोई कमी नहीं आई। गर्मी और उमस का यह दौर इतना तीव्र रहा कि कार्यालयों, बैंकों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों में लोग पसीने से तरबतर होते रहे।

### मनेन्द्रगढ़ में रवि विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला के विकासखंड मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत समस्त प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन के लिए क्षेत्र की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह द्वारा रवि कुमार गुप्ता पिता पिताम्बर प्रसाद गुप्ता निवासी ग्राम केल्हारी को उनका विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। विधायक की अनुपस्थिति में श्री गुप्ता विभिन्न बैठकों एवं आयोजनों में उनकी ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे। इस संबंध में समस्त विभाग प्रमुखों को सूचनार्थ अवगत कराया गया है।

### खेत से मिट्टी ढुलाई में विवाद : मामला दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** मिट्टी ढुलाई को लेकर हुए विवाद में सोमवार शाम दो पक्षों में मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। घटना ग्राम तलवापारा की है। जानकारी के अनुसार दीपचंद साहू और बाबसपारा गांव के राम रतन साहू के बीच खेत के रास्ते होकर मिट्टी ढोने की बात को लेकर मारपीट और गाली-गलौज हो गया। दोनों की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### आग लगाने की घटनाओं पर नियंत्रण हो

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश में धान एवं गेंहू मुख्य फसल के रूप में बोई जा रही है। उक्त फसलों की कटाई मुख्य रूप से कंबाईन हार्वेस्टर के माध्यम से की जाती है। कंबाईन हार्वेस्टर से कटाई उपरांत फसलों की नरवाई में आग लगाने की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हुई है। आग लगाने से भूमि की उर्वरा शक्ति में कमी होती है तथा पर्यावरण भी गंभीर रूप से प्रभावित होता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के द्वारा नरवाई में आग लगाने की घटनाओं की सेटेलाईट मैपिंग की जा रही है। नरवाई में आग लगाना कृषि के लिए नुकसानदायक होने के साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। साथ ही विगत वर्षों में गंभीर स्वरूप की अग्नि दुर्घटनाएं घटित हुई है तथा व्यापक संपत्ति की हानि हुई है, इसके कारण ग्रीष्म ऋतु में जल संकट उत्पन्न होता है। साथ ही कानून व्यवस्था के लिए विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती है।

### जनपद में पंचायत सचिवों की हुई नई पदस्थापना

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं, निर्माण एवं विकास कार्यों के सफल क्रियान्वयन के लिए पंचायत सचिवों का अस्थायी रूप से नवीन स्थानों पर स्थानांतरण किया गया है। जारी आदेश के अनुसार पिक्कू राम को ग्राम पंचायत नागपुर से स्थानांतरित कर ग्राम पंचायत सोनवर्षा में पदस्थ किया गया है, वहीं भगवान सिंह को ग्राम पंचायत कठौतिया से स्थानांतरित कर ग्राम पंचायत नागपुर में पदस्थ किया गया है, इसके साथ ही भूपेन्द्र सिंह को ग्राम पंचायत बेलबहरा के साथ ग्राम पंचायत कठौतिया का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है तथा राम सिंह को जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ से स्थानांतरित कर ग्राम पंचायत बरबसपुर में पदस्थ किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## मवई नदी में अवैध उत्खनन के विरुद्ध ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

# हरचोका में अवैध उत्खनन और परिवहन रोकने रेत सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एमसीबी जिले के भरतपुर तहसील अंतर्गत ग्राम हरचोका स्थित सीमावर्ती मवई नदी से रेत के अवैध उत्खनन व क्षमता से ज्यादा परिवहन के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने मोर्चा खोलते हुए रेत सत्याग्रह शुरू कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भरतपुर तहसील का ग्राम हरचोका स्थित मवई नदी क्षेत्र की जीवनदायनी नदी है।

रेत माफिया मवई नदी के अंदर बड़ी-बड़ी पोकलेन मशीन को उतारकर मशीन से नदी के मूल स्वरूप को बिगाड़ते हुए 10-15 फीट नीचे से रेत को निकालते हैं, इससे नदी में बड़े-बड़े गड्ढ़े हो गए हैं, वहीं भारी वाहनों में क्षमता से ज्यादा रेत को भरकर परिवहन करने से गांव की सड़के उधड़ने लगी तथा हरचोका गांव सहित नदी के किनारे बसें दर्जनों गांव का जल स्तर नीचे जाने कुआं, बावली सूखने लग गए, इससे गांव के ग्रामीणों ने रेत के उत्खनन व परिवहन का विरोध करने लगे, ग्रामीणों के लगातार विरोध को देखते हुए पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के साथ में होकर मवई नदी में मशीनों से हो रही रेत की अवैध उत्खनन को रोक लगाने प्रशासन को ज्ञापन दिए, लेकिन सुनवाई नहीं होने से स्थानीय ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने रेत उत्खनन के विरोध में मोर्चा खोलते हुए रेत सत्याग्रह कर दिए। रेत सत्याग्रह के दौरान जनहित संघ के केन्द्रीय उपाध्यक्ष एसके रूप और उनके पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा की, जिसमे



सत्याग्रह करते ग्रामीण।

ग्राम पंचायत हरचोका के सरपंच लालसाय सिंह ने बताया कि पंचायत के पूर्व सचिव और कुछ अन्य लोगों ने मिलकर ठेकेदार से सांठ-गांठ करके ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर दिया था जो जनता के लिए मुसीबत का सबब बन गया है।

वहीं इस मामले में प्रशासन का कहना है कि पंचायत ने पूर्व में खुद अनुमति दे रखी थी उस अनुमति को खारिज करें और पंचायत में रेत उत्खनन नहीं होने को लेकर नवीन प्रस्ताव ग्राम सभा में पारित करेंगे, तभी कार्रवाई होगी। रेत सत्याग्रह के दौरान जनहित संघ के एसके रूप, सतीश मिश्रा, गणेश तिवारी, नंदलाल पंडो, रामशरण पण्डो, जितेन्द्र बैगा, रजनीश, बृजलाल पंडो, राजकुमार यादव, बाबूराम बैगा, मुन्नाराम यादव, श्याम नारायण सिंह, अमित सिंह, घनश्याम अहिरवार, हरवंश लाल, बुधसेन बैगा, लालसाय सिंह, रोहिणी प्रसाद, सोनसाय पंडो, मोहन पंडो, सुखसेन पंडो, बेला बाई, मीरा, लीलावती, राम अवतार कुशवाहा, कृष्ण कुमार मिश्रा, जगदीश बैगा, रामधनी, नान बाबू बैगा, श्याम नारायण, अरविंद, कुंवर बहादुर सिंह, पुष्पेन्द्र पांडे, हीरालाल बैगा, अमरनाथ अहिरवार, राहुल पांडे, करण कुमार गुप्ता सहित अन्य ग्रामीण एवं जनहित संघ पंडो विकास समिति के पदाधिकारी सदस्यगण उपस्थित रहे।

## अवैध ईंट भट्टों पर तबाड़तोड़ कार्रवाई

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में कोयले के अवैध परिवहन और उत्खनन पर रोकथाम करने के लिए खनिज राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने तबाड़ तोड़ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खनिज विभाग द्वारा ग्राम पंचायत घुटरा क्षेत्र से धुनेठी नदी के किनारे राजेश साहू पिता बृजलाल साहू निवासी पिपरटोला घुटरा के द्वारा अवैध ईंट भट्ठे को पकाने के लिए रखे गए लगभग 50 बोरी कोयला को जब्त किया गया है, साथ ही साथ 50000 नग ईंट को भी जब्त किया गया है। इसी तरह तहसील नागपुर अंतर्गत ग्राम दर्रीटोला में अंकित राय पिता प्रकाश राय द्वारा अलग-अलग भूस्वामी के लगभग 3 एकड़ जमीन में बिना अनुमति के खनिज मिट्टी ईंट का निर्माण किया जा रहा था। मौके पर 160000 नग ईंट का निर्माण किया जा चूका है। उक्त ईंट को पकाने के लिए रखे गए लगभग 10 टन कोयला को भी जब्त कर सुरक्षार्थ चौकी नागपुर में रखा गया है। संबंधित ईंट भट्टा संचालक के विरुद्ध खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 तक एवं छग गौण खनिज नियम 2015 के तहत कार्रवाई की जाएगी। खनिज कोयले के अवैध उत्खनन स्थल राधारमन, सोनवर्षा क्षेत्रों का भी जांच किया गया। जिसमें मौके पर खनन कार्य बंद पाया गया। राधारमन नगर क्षेत्र कोयले का अवैध उत्खनन फारेस्ट क्षेत्र के भीतर नाले में किया गया है। मौके पर कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं पाए गए। पुलिस विभाग द्वारा 4 मई को नागपुर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत अमृतधारा के जंगलों से रात्रिकालीन गस्त के दौरान भी 10 टन कोयला जब्त किया गया है। इस कार्रवाई के दौरान एसडीएम लिंगराज सिदार, एसडीपी एलेक्स टोप्पो, खनिज अधिकारी दयानंद तिग्गा और खनिज निरीक्षक आदित्य मानकर उपस्थित रहे।

- अवैध ईंट भट्ठे से दो लाख से ज्यादा नग मिट्टी ईंट जब्त





ईंट भट्ठे में कार्रवाई करती टीम।

## युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, उपचार जारी

**बैकुण्ठपुर।** जिले पटना थाना क्षेत्र में एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घटना 4 मई की शाम लगभग 5 बजे की है, जब महेन्द्र बसोर नामक युवक किराना दुकान से सामान लेकर लौट रहा था।

इसी दौरान गोकूल बसोर, बबन बसोर सहित छह-सात अन्य लोग दो बुलेट और तीन अन्य मोटरसाइकिलों में सवार होकर पहुंचे और अचानक उसे घेरकर गाली-गलौज करने लगे। सूत्रों के अनुसार कुछ दिन पहले भैयाथान में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान महेन्द्र के भाई चंदन बसोर द्वारा हुए विवाद में बीच-बचाव किया गया था। इसी बात की रंजिश को लेकर हमलावरों ने महेन्द्र को अपशब्द कहते हुए हमला किया। आरोप है कि इस दौरान एक अज्ञात युवक ने जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से महेन्द्र के पेट के दाहिने हिस्से पर वार कर दिया, इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के समय महेन्द्र की भाभी परमिला बसोर, विरेन्द्र बसोर, मोहित बसोर एवं सचिन ने बीच-बचाव कर किसी तरह हालात संभाले। हमले के बाद आरोपी अपने वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गए। महेन्द्र को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना ले जाया गया, जहां से स्थिति गंभीर देखते हुए तत्काल जिला अस्पताल बैकुंठपुर रेफर किया गया।

फिलहाल महेन्द्र का इलाज बैकुंठपुर अस्पताल में जारी है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरूद्ध 109 (1) बीएनएस, 191 (1) बीएनएस, 296 बीएनएस, 351 (2)बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

## सुशासन तिहार में हैंडपंप की हुई मरम्मत

**बैकुण्ठपुर।** जिले में मनाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जन समस्याओं पर त्वरित निराकरण की दिशा में प्रशासन द्वारा लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत चकडांड और ग्राम गोविंदपुर के नागरिकों की पुरानी समस्याओं का समाधान कर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने सराहनीय कार्य किया है। ग्राम चकडांड़ के अंतर्गत पाराडोल निवासी संतोष सिंह द्वारा अपने घर केपास स्थित खराब हैंडपंप की मरम्मत के लिए सुशासन तिहार में आवेदन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई थी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए हैंडपंप की मरम्मत कार्य संपन्न कर दिया गया। ग्राम गोविंदपुर के बसाहट बैगापारा निवासी रामलाल बैगा द्वारा बोर खनन की मांग पर संबंधित विभाग द्वारा स्थल का सर्वेक्षण करने के पश्चात मांग को जायज पाते हुए बोर खनन का कार्य पूर्ण कर ग्रामीणों को जल सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा ग्राम चंपाझर के बसाहट, परसापानी जहां पंडो बस्ती में खराब हैंडपंप का सुधार कार्य किया गया।

## बेटियों के जन्म पर पौधरोपण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के ग्राम बंजारीडांड में आयोजित समाधान शिविर के अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के मुद्दों पर प्रभावशाली विचार साझा किए।

- ग्रामीणों को कलेक्टर ने किया संबोधित

उन्होंने ग्रामीणों को आवा पानी झोंकी अभियान के तहत वर्षा जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया और साथ ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर विशेष रूप से बल दिया। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पूरे प्रदेश में मोर गांव-मोर पानी अभियान चलाया जा रहा है और उसी के अनुरूप जिले में आवा पानी झोंकी की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि नल कनेक्शन और हैंडपंप के लिए आवेदन तो आए हैं, लेकिन जल स्तर नीचे जा रहा है। आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण जरूरी है। उन्होंने खेतों और बाड़ियों में सोख्ता बनाने, नल से बहते पानी को रोकने और जल संचयन को जीवनशैली में शामिल करने का आग्रह किया। बेटियों को लेकर कलेक्टर ने कहा कि बेटा-बेटी में कोई फर्क न किया जाए और सभी बेटियों को शिक्षित किया जाए। उन्होंने ग्रामीणों को बेटियों के जन्म पर कम से कम पांच पौधे लगाने का संकल्प भी दिलवाया, जिससे हरियाली और जीवन दोनों संरक्षित हों। कलेक्टर ने किसानों से भी आग्रह किया कि केवल धान पर निर्भर न रहते हुए दालें, तिलहन और मिलेट्स जैसी फसलें भी उगाएं, जिससे पोषण के साथ पानी की भी बचत हो।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों के सपनों को पूरा करने में अभिभावकों की अहम भूमिका है।



शपथ दिलाती कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।

## 18 को खंड स्तरीय पंचों की बैठक

**सोनहत।** विकासखंड स्तर पर नव निर्वाचित 42 ग्राम पंचायतों के पंचों की महत्वपूर्ण बैठक 18 मई रविवार को आयोजित की जाएगी। यह बैठक दोपहर 12 बजे से मुख्यालय स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित होगी। बैठक की जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत केशगवां के पंच प्रेमसागर तिवारी और सोनहत पंचायत के पंच लव प्रताप सिंह जूदेव ने बताया कि इस बैठक में पंच संघ के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इसके तहत संघ के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन किया जाएगा, जिससे संघीय कार्यों को गति मिल सके। साथ ही खंड स्तरीय सभी पंचायतों के पंचों का पंजीयन भी किया जाएगा। बैठक में पंच परमेश्वर की भूमिका को गरिमा प्रदान करने और उन्हें सम्मानजनक मानदेय दिलाने के लिए प्रशासन का ध्यानाकृष्ट करने की रणनीति भी तय की जाएगी। पंच द्वय ने समस्त ग्राम पंचायतों के निर्वाचित पंचों से अपील की है कि वे समय पर बैठक में उपस्थित होकर अपने अधिकारों और दायित्वों की दिशा में एकजुट प्रयास करें।

## राज्यभर में पेंशनर्स का प्रदर्शन 15 को

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छग प्रदेश के आह्वान पर 15 मई को पेंशनर्स अपने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन करेंगे। इसीक्रम में जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इस संबंध में मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को 5 मई को महासंघ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव द्वारा ऑनलाइन सूचना भेजकर अवगत करा दिया गया है। यह जानकारी महासंघ की जिला शाखा कोरिया के अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता ने दी। जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि आंदोलन के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ ज्ञापन सौंपा जाएगा। महासंघ ने जिन 5 प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलन का निर्णय लिया है, वे इस प्रकार है। मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 (6) को समाप्त करना, जिससे राज्य को प्रतिवर्ष होने वाले 2000 करोड़ रूपए से अधिक के आर्थिक नुकसान को रोका जा सके। पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को केन्द्र के नियमानुसार एरियर्स सहित डीआर देने का निर्णय कैबिनेट से पारित करना। पेंशन एवं भविष्य निधि संचालनालय की स्थापना के बाद, अब संयुक्त संचालक पेंशन और जिला पेंशन कार्यालय की तत्काल स्थापना करना।

- 5 सूत्रीय मांगों को लेकर बैकुंठपुर में सौंपा जाएगा ज्ञापन

कैशलेस मेडिकल सुविधा को सरकारी कर्मचारियों की तरह सभी मान्यता प्राप्त निजी अस्पतालों में भी लागू करना। सेवानिवृत्त नियमित दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के संपूर्ण सेवाकाल को पेंशन अवधि में जोड़ना और उन्हें भी अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों की तरह आर्थिक लाभ प्रदान करना।

## वाहन ने युवक को मारी टक्कर

**बैकुण्ठपुर।** लापरवाह बाइक चालक ने एक युवक को ठोकर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घटना 4 मई की शाम करीब 6:30 बजे की है, जब एमसीबी जिले के जनकपुर निवासी अखिलेश वर्मा अपने साथी प्रशांत पांडेय के साथ चांग माता फ्यूल पेट्रोल पंप के सामने सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान हनुमान मंदिर की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल (एचएफ डिलक्स) सवार जगनारायण सिंह ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए अखिलेश वर्मा को जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर से अखिलेश के बाएं भौंह में गंभीर चोट आई और खून निकलने लगा। घटना की जानकारी मिलते ही उसके पिता मिथलेश कुमार वर्मा, जो वर्तमान में सीएचसी सोनहत में कार्यरत हैं, अशोक कुमार अहिरवार के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल बेटे को उपचार के लिए भर्ती कराया। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ग्राम पंचायत सोनवर्षा के पंचायत सचिव सस्पेंड

### अनुशासनहीनता और निर्देशों की अवहेलना करने पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला पंचायत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम द्वारा जारी एक महत्वपूर्ण आदेश के तहत ग्राम पंचायत सोनवर्षा के सचिव भूनेश्वर सिंह पैकरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई पंचायत प्रशासन में अनुशासनहीनता और स्पष्ट निर्देशों की अवहेलना के चलते की गई है।

आदेश के अनुसार पूर्व में ग्राम पंचायत कठौतिया के सचिव भगवान सिंह को अर्जित अवकाश पर जाने के कारण भूनेश्वर सिंह पैकरा को ग्राम पंचायत कठौतिया का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। साथ ही यह स्पष्ट निर्देश भी दिए गए थे कि भगवान सिंह के अवकाश समाप्ति के उपरांत वे पुनः अपने मूल पद पर कार्यभार ग्रहण करेंगे। वहीं 28 जून 2024 को भगवान सिंह के अवकाश से लौटने के पश्चात भी भूनेश्वर सिंह पैकरा द्वारा उन्हें ग्राम पंचायत कठौतिया का प्रभार नहीं सौंपा गया।

यह कार्य छग पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के नियम 3, छग ग्राम पंचायत (सचिव की शक्तियां एवं कृत्य) नियम 1999 के नियम 4 तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है।

## भाजपा की संगठनात्मक गतिविधियों के लेकर समीक्षा बैठक

# कार्यकर्ता सजग रहकर योजनाओं का कराएं क्रियान्वयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भाजपा जिला कार्यालय बैकुंठपुर में संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। अतिथियों ने सर्वप्रथम भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी व डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर बैठक प्रारंभ की गई।

इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, लक्ष्मण राजवाड़े, राजेश सिंह, अनिता तिवारी, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, विनोद साहू, जिला मंत्री बसंत राय, नवरतन पाण्डेय, रामकृष्ण शर्मा, जिला संवाद प्रमुख विमलकांत गुप्ता, पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती कुंती चक्रधारी, वरिष्ठ नेता अवध बिहारी जायसवाल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिल साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रामप्रताप मरावी उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने पदाधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में पार्टी कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारतीय जनता पार्टी की नीतियों का लाभ समाज के सर्वांगीण विकास में दिखे, इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को सजग रहकर क्रियान्वयन के लिए प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छग में सुशासन तिहार के तहत आम जनता के समस्याओं को लेकर जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र की समस्याओं के निदान के लिए प्रशासनिक अमला लगातार आमजन के संपर्क में है। समस्याओं के त्वरित निदान के लिए सरकार ने योजनाबद्ध तरीके कार्य के लिए निर्देश दिया है। अब शिविरों में ही जनता की समस्याओं त्वरित निदान होगा। कार्यकर्ताओं को भी केन्द्र एवं राज्य की मंशा के अनुरूप अंत्योदय के लिए जमीनी स्तर पर जाने की आवश्यकता है।

एक देश एक चुनाव को लेकर प्रमुख स्थानों पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाए, केन्द्र द्वारा लाए गए वक्फ संशोधन पर व्यापक स्तर पर जनजागरण अभियान चलाया जाए। जिले स्तर पर संगठन एवं जनता के हितों से जुड़े कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। पूर्व जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव एक क्रांतिकारी कदम है, जो भारत के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत, पारदर्शी और ⏭ शेष पेज 4 पर






## सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा

**बैकुण्ठपुर।** जिले में आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने की। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सभी अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार व जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर व्यक्तिगत रुचि लेकर तत्परता से कार्य करें। कलेक्टर ने बैठक में विभागीय अधिकारियों से कहा कि प्राप्त आवेदनों के शीघ्र समाधान और पारदर्शिता से जनता को समाधान शिविरों में जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान मांग और शिकायतों से जुड़े आवेदनों पर कार्रवाई की गई है, लेकिन अब यह आवश्यक है कि समाधान शिविरों में आम जनता के समक्ष इन कार्रवाईयों की जानकारी भी पूरी पारदर्शिता के साथ दी जाए। उन्होंने सभी विभागों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी शिविर स्थलों पर आमजन को देने को कहा, ताकि पात्र हितग्राही इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। बैठक में बैकुंठपुर व सोनहत के एसडीएम और संबंधित तहसीलों के तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि वे राजस्व पखवाड़ा और सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करें तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने पटवारी, ग्राम विस्तार अधिकारी, पंचायत सचिव, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं पर्यवेक्षकों की कार्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला वनमंडलाधिकारी चंद्रशेखर शंकर सिंह परदेशी, अपर कलेक्टर अरूण मरकाम, डीडी मंडावी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राकेश ने चौथी बार ली न्यायिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद की शपथ

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ सरगुजा के अध्यक्ष पद का निर्वाचन माह जनवरी में संपन्न हुआ, जिसमें राकेश सोनी लगातार



चौथी बार आगामी तीन वर्षों के लिए अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। निर्वाचन उपरांत विजयी होने पर 4 मई को न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश केएल चरयाणी द्वारा अध्यक्ष पद हेतु राकेश सोनी तथा सचिव पद हेतु रामा शंकर मराई एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सुरेश जून एवं अन्य न्यायाधीश के अलावा प्रशासनिक अधिकारी राजेश केला, विजय पांडेय एवं न्यायालय उपाधीक्षक राजीव त्रिवेदी तथा जिला स्थापना सरगुजा के समस्त न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नीरज सोनी तथा आभार प्रदर्शन कुमारी तहजीबा खातून सिद्दीकी द्वारा किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में एखलाक अली, संगीता सिन्हा, शत्रुघ्न प्रसाद जायसवाल, नीरज सोनी, संजय गुप्ता, संदीप कौशिक, वशिष्ठ गुप्ता, मयंक शर्मा, रेनू सिंह, दुर्गावती, लिली ग्रेस, ओमप्रकाश राम, कमलेश्वर प्रसाद, शिव बालक महंत, सर्वेश्वर गुप्ता, दीपा अम्बष्ठ, अज्जू कुमार, सुनील लकड़ा, प्रियंका सिंह, नीरज चंद्राकर, लिकेश वर्मा, पुष्पेंद्र, हरि प्रसाद, अजीत सिन्हा, कैलाश चंद्र, प्रीतोष, अमोस, संत प्रसाद, विजय, सूरज, विक्रम, नौशब्बा सिद्दीकी, रश्मि सिन्हा, कुसुम, अनिमा, सविता, सुशीला, भूपति, किरण, मनोज, अमन, प्रेम आदि उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायतों में लो-वोल्टेज की समस्या, सौंपा ज्ञापन



**भैयाथान।** भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार साहू ने विद्युत आपूर्ति की गंभीर समस्या को लेकर विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंप ग्राम पंचायत बड़सरा, बसकर एवं करौंदामुड़ा में लो वोल्टेज की समस्या को ठीक करने एवं बसदेई सब स्टेशन के बंजा फीडर से विद्युत आपूर्ति करने की मांग की है। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि तीनों ग्राम पंचायतों की बिजली आपूर्ति भैयाथान सब स्टेशन के केवरा फीडर से की जा रही है, जो 20 किमी लंबा और भारी भार वाला फीडर है इसी फीडर से प्रकाश इंडस्ट्रीज भास्करपारा कोयला खनन परियोजना को विद्युत आपूर्ति की जा रही है जिससे स्थिति बद्तर हो गई है। फीडर के अंतिम छोर के ग्राम बड़सरा, बसकर व करौंदामुड़ा में पर्याप्त वोल्टेज नहीं होने के कारण क्षेत्र में पंखा, कूलर, पंप, टीवी, फ्रीज जैसे घरेलू उपकरण काम नहीं करते। तीनों गांवों की विद्युत आपूर्ति बंजा फीडर से करने की मांग की है। डीई बसंत सोम ने मांग को पूर्ण करने का भरोसा दिया है। मंडल अध्यक्ष ने बड़सरा में स्वीकृत पावर सब स्टेशन निर्माण जल्दी शुरू करने की भी मांग की है ताकि विद्युत समस्या का स्थायी हल को सके।

### सुशासन तिहार में पीएचई को मिले 7742 आवेदन, नए हैंडपंप के 7589 आवेदन

**अम्बिकापुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा सरगुजा के ग्रामीण क्षेत्रों में 15000 से अधिक हैंडपंप लगाए गए हैं। आबादी के हिसाब से विभाग हैण्डपंपों को पर्याप्त मान रहा है लेकिन ग्रामीणों ने सुशासन तिहार में हैंडपंप के लिए हजारों आवेदन दिए हैं। सुशासन तिहार के दूसरे चरण में ग्रामीणों की मांगों एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण करना है। ऐसे में पीएचई के अधिकारी ऐसी मांगों से संबंधित आवेदनों को लेकर पेशोपेश में है। सुशासन तिहार के प्रथम चरण में गांव-गांव में शिविर लगाकर ग्रामीणों के मांग एवं शिकायतों के आवेदन लिए गए थे। इस दौरान शिविरों में पीएचई से संबंधित कुल 7742 आवेदन मिले है। जिनमें 192 आवेदन शिकायतों के जबकि 7589 आवेदन हैंडपंप लगवाने से संबंधित है। शिकायतों से संबंधित आवेदनों में अधिकांश हैंडपंप की मरम्मत कराने एवं जल जीवन मिशन से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करने से संबंधित है। 106 आवेदनों के माध्यम से जल जीवन मिशन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करने की मांग की गई है जबकि 42आवेदन हैण्डपंपों का सुधार कराने एवं हैंडपंप में दबंगों द्वारा सबमर्सिबल पंप डालकर निजी उपयोग करने से संबंधित है। विभाग ने शिकायतों के लगभग सभी आवेदनों का निराकरण कर दिया है। विभाग को 7589 आवेदन मांगों से संबंधित मिले हैं। इन आवेदनों के माध्यम से ग्रामीणों ने हैंडपंप लगाने की मांग की है। अधिकारियों का कहना है कि पीएचई द्वारा विभिन्न गांवों में 11.853 हैंडपंप लगाए गए हैं। सांसद निधि, विधायक निधि, डीएमएफ फंड सहित विभिन्न विभागों द्वारा हजारों हैण्डपंप लगाए गए है। अधिकारी यह भी कह रहे है कि पूर्व में सरगुजा के ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यकता से अधिक हैंडपंप लगाए जा चुके है। शासन द्वारा हैंडपंप खनन कराने के लिए मापदण्ड निर्धारित किया गया है। हैण्डपंप खनन कराने संबंधी अधिकांश आवेदन विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुकूल नहीं है। कार्यपालन यंत्री एसके सिन्हा ने बताया कि विशेष आवश्यकता वाले गांवों का सर्वे कर हैंडपंप के लिए बजट की व्यवस्था की जाएगी। शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुकूल नहीं होने के कारण शेष आवेदनों का निष्पादन संभव नहीं है।

## शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे विधायक, जमकर लगाई फटकार

# जनमन योजना के तहत बन रही 6 करोड़ की सड़क में जमकर की गई लीपापोती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

**खास बात**
- फिर कराना होगा निर्माण

सड़क के अभाव में पिछड़ेपन का अभिशाप झेल रहे पहाड़ी कोरवा जनजाति को इस अभिशाप से मुक्ति दिलाने केंद्र सरकार द्वारा संचालित पीएम जनमन योजना का अधिकारी एवं ठेकेदार ने मिलकर बेड़ागर्क कर दिया है। इस योजना के तहत पहुंचविहीन क्षेत्रों में करोड़ो रूपए की लागत से कराई जा रही सड़क घटिया निर्माण की भेंट चढ़ गई।

विभागीय अधिकारी की शह पर सड़क निर्माण में लगे ठेकेदार द्वारा लीपापोती करते हुए सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। घटिया सड़क निर्माण का ग्रामीणों द्वारा लगातार विरोध एवं शिकायत के बाद निरीक्षण के लिए विधायक रामकुमार टोप्पो संबंधित अधिकारियों को लेकर मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण में लीपापोती देख विधायक भड़क उठे। उन्होंने घटिया निर्माण पर सवाल खड़े करते हुए अधिकारियों से जवाब तलब किया। संबंधित अधिकारी विधायक के सवालों का जवाब देने के बजाए बगले झांकने लगे। हालांकि बाद में अधिकारियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे मिस्त्री एवं मजदूरों पर इसका ठीकरा फोड़ते हुए माना कि सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई है। अधिकारियों का ये जवाब सुन विधायक ने उन्हें जमकर खरी खोटी सुनाई और घटिया सड़क की जगह नए सिरे से निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए। वही ग्रामीणों ने आजादी के बाद पहली बार बन रही सड़क में लीपापोती करने वाले अधिकारी एवं ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।



घटिया निर्माण को उखड़वा कर देखते विधायक।

विदित हो कि आजादी के बाद से विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के गई गांव ऐसे है जो आज भी पिछड़ेपन का अभिशाप झेल रहे है। सड़क पुल पुलिया बिजली पानी के अभाव में इस क्षेत्र के लोग आज भी समाज की मुख्यधारा से कटे हुए है। ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों को चिन्हांकित कर उन्हें पिछड़ेपन के अभिशाप से हमेशा के लिए मुक्ति दिलाने केंद्र सरकार जनमन योजना लेकर आई है। जिसका उद्देश्य पिछड़े इलाकों में सड़क पानी बिजली पुल पुलिया जैसी सुविधा उपलब्ध कराते हुए उसे समाज के मुख्यधारा से जोड़ना है। इस योजना के तहत निर्माण की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से जुड़े दी गई है किंतु इस योजना से जुड़े अधिकारी केंद्र सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी जनमन योजना के उद्देश्य पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं। मैनपाट के सुदूर गांव परपटिया सिंगिढोढ़ी से लब्जी तक 6 करोड़ की लागत से सड़क पुलिया एवं तटबंध का निर्माण कराया जा रहा है। 6.30 किमी लंबी दूरी तक बनने वाली इस सड़क का अधिकारी एवं ठेकेदार ने मिलकर जमकर मनमानी की। पीएम जनमन योजना के तहत बनने वाली इस सड़क में 15 सेमी जीएसबी करना था जो किया ही नही गया। इसके अलावा इस सड़क के उस हिस्से में जो राजेंद्र घर से लब्जी सीमा तक जाती है जब उसकी खुदाई कर जांच की गई तो लगभग 3 किमी लंबी दूरी की सड़क में कही भी जीएसबी का काम नहीं पाया गया। ठेकेदार द्वारा डब्लूबीएम में भी घोटाला करते हुए निर्धारित मापदंड की जगह 1 से दो सेमी की कमी की गई है। सड़क के ऊपर होने वाले बीटी कार्य मे भी काफी घपला किया है। सड़क में 20 एमएम बीटी की जगह 14 से 15 एमएम मात्र बीटी की परत बिछाई गई है। इसके अलावा मौके पर जो प्रोटेक्शन वॉल का निर्माण कराया गया है। उसमें काफी घटिया एवं निम्नस्तरीय निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया है। पिछड़ेपन के अभिशाप से मुक्ति दिलाने 6 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क में ठेकेदार ने जमकर लीपापोती की है। ऐसा नही है कि इस घटिया निर्माण कार्य का विरोध न हुआ हो। 6 करोड़ की लागत से बनने वाले इस सड़क में घटिया निर्माण कार्य का आरोप लगा ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया था।

ग्रामीणों ने अधिकारियों से गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण कराने की मांग की थी जिसे अधिकारियों ने इसे अनसुना कर दिया था। जिसके बाद ग्रामीण विधायक रामकुमार टोप्पो के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए जांच की मांग की थी। ग्रामीणों द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद विधायक संबंधित अधिकारियों संग सड़क निर्माण कार्य की जांच करने पहुंचे थे। मौके पर विधायक ने जब अधिकारियों के समक्ष सड़क निर्माण की जांच कराई। तब करोडों की लागत से सड़क निर्माण में की गई लीपापोती खुलकर सामने आई जिसके बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों के समक्ष विधायक ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए नए सिरे से सड़क निर्माण कराने के निर्देश दिए। वही मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने केंद्र सरकार की इस अतिमहत्वकांक्षी पीएम जनमन योजना के तहत कराए गए घटिया सड़क निर्माण की जांच की मांग की है ताकि इसमे संलिप्त लापरवाह अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के विरुद्ध कार्यवाही हो सके।

### अधिकारियों ने मानी गलती

सड़क निर्माण कार्य के जांच के दौरान ठेकेदार द्वारा किये गए घोटाले की जांच जब परत दर परत खुलने लगी तब वहां मौजूद अधिकारियों ने माना कि सड़क निर्माण घटिया है।मापदंड के आधार पर सड़क में गुणवत्ता की अनदेखी की गई है। हद तो तब हो गई जब अधिकारियों ने अपनी कमजोरी छुपाने के लिए सड़क निर्माण कार्य मे लगे ठेकाकर्मियों पर इसका ठीकरा फोड़ दिया। उनका कहना था कि निर्माण कार्य मे लगे ठेकेदार के कर्मचारियों ने लापरवाही बरती है। जबकि कायदे से देखा जाए तो निर्माण कार्य मे मापदंड के आधार पर कार्य कराने की जिम्मेदारी अधिकारियों की होती है।

#### नए सिरे से कराना होगा निर्माण : टोप्पो

इस संबंध में विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी जनता ने मुझ पर सौंपी है। जिसका मैं बखूबी पालन करने की भरसक कोशिश कर रहा हूँ।मेरे इसी कोशिशों के नतीजा है जो इस सुदूर क्षेत्र में ये सड़क बनाई जा रही है। यह केंद्र सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना पीएम जनमन योजना के तहत बनाई जा रही है। इससे पिछड़ेपन का अभिशाप झेल रहे लोगो को मुक्ति मिलेगी और वो भी समाज की मुख्यधारा में शामिल हो पायेंगे। अगर ऐसी जनकल्याणकारी योजनाओं में लापरवाही बरती जाती है तो वो बर्दास्त नहीं किया जायेगा। मैंने परपटिया सिंगिढोढ़ी से लब्जी सड़क का अधिकारियों की मौजूदगी में जांच कराई। जांच के दौरान उसमे काफी कमियां पाई गई है। अधिकारियों को नए सिरे से सड़क निर्माण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## सुशासन तिहार पारदर्शिता सुनिश्चित करने प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद का मंच : पैकरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- समाधान शिविर में शामिल हई विधायक, शिविर में मिला त्वरित समाधान



सुशासन तिहार के तहत सोमवार को विकासखंडस्तर पर समाधान शिविर की शुरुआत हुई। विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदौरा के माध्यमिक शाला खेल मैदान में मुख्य अतिथि विधायक सामरी श्रीमती उद्देश्वरी पैंकरा की मौजूदगी में समाधान शिविर लगाया गया। शिविर में कलेक्टर राजेंद्र कटारा, एसपी बैंकर वैभव रमनलाल, जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर व जनपद उपाध्यक्ष राजपुर आकाश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में आमजन, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

शिविर में ग्राम पंचायत भेण्डरी, पकराड़ी, तोनी, कोटडीह, कोदौरा, करमडीहा, सेमराकठरा के निवासी शामिल हुए। समाधान शिविर में मुख्य अतिथि श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा के द्वारा 6 आवेदको को श्रम कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि मुख्यमंत्री के सुशासन में राज्य सरकार द्वारा जनहित में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं और ऐसे शिविरों के माध्यम से आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। सुशासन तिहार पारदर्शिता सुनिश्चित करने के प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद का ऐसा मंच है जहां लोगों की समस्याओं के निराकरण करने के साथ ही एक ही जगह पर योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ भी समय पर देना सुनिश्चित किया जा रहा है। ग्राम स्तर से प्राप्त प्रत्येक समस्या, मांग, शिकायत को गंभीरता से लेते हुए समय से निराकरण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक शिविर स्थल में पहुंच शासन की योजनाओं का लाभ अवश्य लें। इस दौरान उन्होंने बाल विवाह की रोकथाम हेतु नाबालिकों का विवाह न करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि ऐसा करना कानूनी अपराध है इसके लिए सभी जिम्मेदारी लेते हुए सही उम्र में अपने बच्चों का विवाह करवाएं। विधायक श्रीमती पैंकरा ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक भी किया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे नियमों का पालन कर हम बड़ी दुर्घटनाओं से बच सकते हैं इसके लिए सभी यातायात नियमों के प्रति सजग रहे और नियमों का पालन करें। कलेक्टर श्री कटारा ने कहा कि समाधान शिविर के माध्यम से सुशासन तिहार अंतर्गत लिए गए आवेदनों के निराकरण की स्थिति के बारे में आमजनों को जानकारी दी जा रही है साथ ही मौके पर आवेदन लेकर निरंतर मॉनिटरिंग कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। यह सुशासन तिहार प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करने का माध्यम है और हमारा प्रयास है कि प्रत्येक आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पारदर्शी तरीके से उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए। एसपी बैंकर वैभव रमनलाल ने कहा कि यह सुशासन तिहार के माध्यम से प्रशासन आपके द्वार पर आयी है, प्रशासन आपके नजदीक पहुंच एक ही जगह पर समस्याओं का निवारण कर रहा है। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था और पारदर्शी प्रशासन की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से जनता को समय पर बेहतर सेवाएं प्रदान करने के साथ ही सभी समस्याओं का निवारण समयबद्ध ढंग से किया जाएगा।

## सुशासन तिहार के प्रत्येक शिविर में आयुष्मान कार्ड एवं आधार अपडेट करने लगेंगे स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- कलेक्टर ने सुशासन तिहार के तृतीय चरण के सफल संपादन हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश



बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में आज समय सीमा की बैठक आयोजित की गई जिसमें सुशासन तिहार के लंबित आवेदनों को लेकर विभागवार समीक्षा की गई। साथ ही समस्त अधिकारियों को इनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में आज समय सीमा की बैठक रखी गई थी। जिसमें सुशासन तिहार के लंबित आवेदनों को लेकर विभागवार समीक्षा की गई और समस्त अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन विभागों मे सुशासन तिहार अंतर्गत मांग व शिकायत कम है वो शीघ्र इसका निराकरण करे। जिन विभागों मे ज्यादा प्रकरण लंबित है वो इसे नगण्य करने की दिशा में तेजी से कार्य करे। कलेक्टर के निर्देश पर प्रमुख विभाग विभागों की मांग व शिकायतों का वर्गीकरण कराया गया है, जिसमें प्राथमिकता के साथ क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश दिए। साथ ही आज तृतीय चरण अंतर्गत शुरू हुए समाधान शिविर के सफल संपादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सभी अधिकारियों को सक्रियता के साथ शिविर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष प्रयास करने की बात कही। उन्होने शिविर में आयुष्मान कार्ड व आधार अपडेट करने के लिए संबंधित अधिकारियों को स्टॉल लगाने के निर्देश दिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों का आयुष्मान कार्ड बन सके और आधार कार्ड अपडेट हो सके जिससे पात्र हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सके। उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन के लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में पीएम आवास ग्रामीण व शहरी के सम्बंध में, आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत कार्य निर्माण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बैठक में डीएफओ पंकज कमल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### विधायक ने सड़क दुर्घटना में मृत दो परिवार को दी सहायता राशि

**डांड़गांव।** सेवा भाव के लिए विधायक एवं उनके परिवार की एक अलग पहचान है। लम्बे समय से राजनीति के अलावा समाज सेवा मुख्य उद्देश्य रहा है। इसी कड़ी में



विधायक राजेश अग्रवाल के निर्देश पर ग्राम मोहनपुर निवासी लक्ष्मण आ. शोभन राम ( 21 वर्ष) एवं शंकर आ.सुखराम (20 वर्ष) की 23 अप्रैल को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर विधायक ने अपने प्रतिनिधियो क्रो भेज कर मृतक परिवार क्रो अपने तरफ से 5-5 हजार की सहयोग राशि प्रदान करते हुए शोक सवेदना व्यक्त की। इस दौरान रवि अग्रवाल, राकेश अग्रवाल,अर्जुन सिंह, मनीष बंसल, मनीनाथ, आदित्य ताम्रकार, सिया राम अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### साईं धाम परिसर में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने सीखे जीवन के मूल मंत्र

**बिश्रामपुर।** नगर क्रे श्री सत्य साईं सेवा समिति द्वारा श्री सत्य साईं सेवा संगठन छत्तीसगढ़ के निर्देशन में साईं धाम परिसर में तीन दिवसीय समर कैंप दिनांक 2 से 4 मई तक उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ।यह शिविर न सिर्फ बच्चों के लिए ज्ञान, संस्कार और रचनात्मकता से भरा मंच बना, बल्कि अभिभावकों और स्वयंसेवकों के लिए भी प्रेरणा



का स्रोत बन गया।2 मई को शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें दर्जनों बच्चों ने भाग लिया। पहले दिन बाल विकास के महत्व को रेखांकित करते हुए गुरुओं ने बच्चों को मूल्य गीत, भज गोविंदम, रोचक कहानियां और शिक्षाप्रद खेलों के माध्यम से जीवन मूल्यों की गहराई से पहचान कराया गया।3 मई को शिविर का केंद्रबिंदु रहा रोटी कैसे बनी एक दिलचस्प गतिविधि के माध्यम से अन्न की महत्ता को समझाया गया।इसके साथ गीता के श्लोकों का अर्थ, संवाद-आधारित नाट्य रूपांतरण और प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बच्चों ने धर्म, संस्कृति और तर्क क्रे बारे में सीखा।4 मई को शिविर के अंतिम दिन एक रंगारंग प्रस्तुति हुई।जल की बचत विषय पर नुक्कड़ नाटक ने बच्चों समेत उपस्थित सभी दर्शकों को भावुक किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत मूल्य गीत,श्लोक व्याख्या और तीव्र बुद्धि से भरे प्रश्नोत्तरी मुकाबलों ने समां बांध दिया। बाल विकास गुरुओं के लिए भी एक विशेष प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित हुआ। शिविर का समापन महामंगल आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावक, साईं भक्त, समिति के पदाधिकारी और स्वयंसेवक उपस्थित रहे। बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार वितरित किए गए।

## सुशासन तिहार में ग्रामीणों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु किया जा रहा अधिकतम प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- जयनगर में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुईं केबिनेट मंत्री

सुशासन तिहार के अंतिम चरण में आज से शुरू हुए समाधान शिविर में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में आमजन की समस्याओं का निराकरण कर जानकारी उपलब्ध कराई गई। सोमवार को ग्राम जयनगर में आयोजित समाधान शिविर के दौरान कैबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में जनता की हर समस्या का प्राथमिकता से समाधान किया जा रहा है।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व संबंधी सभी प्रकरणों का समाधान बेहतर और शत-प्रतिशत रूप से किया जाए जिससे आमजन को त्वरित लाभ मिल सके। कैबिनेट मंत्री द्वारा शिविर में लोगों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर बी-वन दस्तावेज और राशनकार्ड का वितरण भी किया गया। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर कलेक्टर से पीएचई विभाग के कार्य में विशेष निगरानी रखते हुए आमजन को भीषण गर्मी में होने वाले पेयजल की किल्लत से निजात दिलाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है, जिसके लिए साय सरकार द्वारा विशेष रूप से पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुरजपुर कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा शासन की मंशा से लोगों को अवगत कराते हुए आमजन की समस्याओं का नियमानुसार निराकरण किए जाने का भरोसा भी लोगों को दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के तहत प्रथम चरण में जितने भी आवेदन प्राप्त हुए थे, उनमें से अधिकांश आवेदनों का निराकरण करा दिया गया है और जो निराकृत नहीं हो सका है, उसे भी जल्द ही निदान कराए जाने की प्रक्रिया की जाएगी।सुशासन तिहार में लोगों की शिकायतें कम व मांग ज्यादा आई है, जिसका निदान कराने का कार्य शुरू करा दिया गया है। यहां पर जयनगर सेक्टर अंतर्गत पंद्रह ग्राम पंचायत के लोगों की समस्याओं व मांगों के संबंध में निराकरण किए जाने का कार्य पूर्ण किया गया। कार्यक्रम के अंत में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने ग्रामीणों की मांग पर जयनगर पीएमश्री सजेस स्कूल प्रांगण में मंच निर्माण हेतु दो लाख रुपए व पंचायत भवन के बाउंड्रीवाल कार्य की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम में सुरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल, सुरजपुर जनपद अध्यक्ष स्वाति संत सिंह, उपाध्यक्ष मनमत बछाड़, सीईओ विनोद सिंह, पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह, देवधन राम बिंझिया, हरीश राजवाड़े, जयनगर सरपंच राधा बाई, बीएमओ डॉ.अमित भगत, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता प्रतीक बड़ा, आरईएस एसडीओ विमल सिंह, मनरेगा पीओ सुनील कुमार गुप्ता, वेद प्रकाश मिश्र, सैफुल्लाह, राजेंद्र गवटिया, पूर्व सरपंच विजय सिंह, सियाराम राजवाड़े, किरण चंद्र, कृष्णपाल बिंझिया व अन्य उपस्थित थे।



शिविर में ग्रामीण से ज्ञापन लेतीं मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े।

# मेट गाला के रेड कारपेट पर सबसे ज्यादा चमकीं प्रियंका

*लॉस एंजिल्स। न्यूयॉर्क का मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट हर साल मई के पहले सोमवार को फैशन की दुनिया का सबसे बड़ा उत्सव 'मेट गाला' आयोजित करता है। भारतीय समयनुसार इसे मंगलवार 6 मई को सुबह 3:30 बजे देखा जा सकता है। इस साल मेट गाला भारतीय सिनेमा और फैशन के लिए खास होने वाला है। क्योंकि, बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान से लेकर अभिनेत्री कियारा आडवाणी तक, कई भारतीय सितारे रेड कारपेट पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।*

## ये भारतीय सेलेब्स भी हुए शामिल



### 2025 में भारतीय सितारे

इस साल मेट गाला में भारतीय सितारों की मौजूदगी ऐतिहासिक होगी। आइए, जानते हैं कौन-कौन शामिल हो रहा है और उनके लुक्स की क्या खासियत होगी...

*शाहरुख खान :* बॉलीवुड के किंग खान पहली बार मेट गाला में डेब्यू करेंगे और वह पहले भारतीय पुरुष अभिनेता होंगे, जो इस रेड कारपेट पर चलेंगे। शाहरुख मशहूर डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी के डिजाइन किए हुए आउटफिट में नजर आएंगे। न्यूयॉर्क के जॉन एफ. कैनेडी एयरपोर्ट पर उनकी तस्वीरें पहले ही वायरल हो चुकी हैं।

*कियारा आडवाणी :* अभिनेत्री कियारा भी मेट गाला में पहली बार शामिल होंगी और अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान इस रेड कारपेट पर मैटरनिटी फैशन का जलवा बिखेरेंगी। वह डिजाइनर गौरव गुप्ता के स्कल्पचरल आउटफिट में नजर आएंगी, जो थीम के साथ उनकी खूबसूरती को और निखारेगा। कियारा ने न्यूयॉर्क में अपने होटल से एक छोटे से ब्लैक आउटफिट के केक की तस्वीर शेयर कर अपने लुक का हिंट दिया है।

*प्रियंका चोपड़ा :* मेट गाला की मेहमान प्रियंका इस बार अपनी पांचवीं उपस्थिति दर्ज कराएंगी, वह मेट गाला में सबसे ज्यादा शामिल होने वाली भारतीय कलाकार हैं। इस बार वह फ्रेंच फैशन हाउस बालमैन के डिजाइनर ओलिवियर रूस्टिंग के साथ रेड कारपेट पर चलेंगी और बुल्गारी के हाई-जूलरी कलेक्शन से सजी होंगी।

*दिलजीत दोसांझ :* पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ भी मेट गाला में पहली बार हिस्सा लेंगे। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'फर्स्ट टाइम' लिखकर और मेट गाला का बैग दिखाकर अपने डेब्यू की पुष्टि की। दिलजीत के फैशन सेंस को देखते हुए, फैंस को उनके पंजाबी स्टाइल और ग्लोबल फैशन के फ्यूजन की उम्मीद है।



### सबसे पहले शामिल हुईं प्रियंका

मेट गाला में भारतीय सितारों की बढ़ती हिस्सेदारी भारत के ग्लोबल सॉफ्ट पावर को दिखाता है। प्रियंका चोपड़ा ने 2017 में इसकी शुरुआत की और तब से भारतीय डिजाइनरों जैसे सब्यसाची, प्रबल गुरुंग, राहुल मिश्रा और गौरव गुप्ता ने वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ी है। इस साल शाहरुख खान और दिलजीत दोसांझ जैसे एक्टर्स की एंट्री 'इंडियन मेन फैशन' को भी ग्लोबल स्पॉटलाइट में लाएगी। कियारा आडवाणी का मेटरनिटी लुक एक फैशन स्टेटमेंट होगा। वहीं, प्रियंका का लगातार पांचवीं बार शामिल होना उनकी ग्लोबल स्टारडम और फैशन सेंस को पेश करेगा।

### 2017 से अब तक शामिल हुए कई सितारे

#### ट्रेंच कोट ड्रेस में किया डेब्यू

*2017:* प्रियंका ने राल्फ लॉरेन के ट्रेंच कोट ड्रेस में डेब्यू किया, जिसमें लंबी ट्रेल थी। उनके साथ निक जोनस भी थे और यह उनकी लव स्टोरी की शुरुआत थी।

*2018:* थीम 'हैवनली बॉडीज' के लिए उन्होंने राल्फ लॉरेन की मरून वेलवेट गाउन और गोल्ड बीज्ड हुड पहना था।

*2019:* 'कैंपः नोट्स ऑन फैशन' थीम में प्रियंका ने डायर की सिल्वर गाउन और सिल्वर-फ्रॉस्टेड मेकअप के साथ सबको चौंकाया था।

*2023:* वालेंटिनो की ब्लैक गाउन और बुल्गारी जूलरी में प्रियंका थीम 'कार्ल लेगरफेल्डः ए लाइन ऑफ ब्यूटी' में छा गई थीं।

#### सिल्क स्लिप ड्रेस पहनी थी

*2017:* दीपिका ने प्रबल गुरुंग की सिल्क स्लिप ड्रेस पहनी थी।

*2018:* 'हीवेनली बॉडीज' थीम में दीपिका ने प्रबल गुरुंग की रेड गाउन में स्टनिंग लुक दिया।

*2019:* 'कैंप' थीम में दीपिका ने जैक पॉसन की बार्बी-इंस्पायर्ड पिंक गाउन में सबका ध्यान खींचा था।

#### ईशा अंबानी

*2017:* ईशा ने क्रिश्चियन डायर की गाउन में डेब्यू किया।


*2024:* थीम 'द गार्डन ऑफ टाइम' में उन्होंने प्रबल गुरुंग की साड़ी-गाउन में भारत के ट्रेडिशन को ग्लोबल स्टेज पर पेश किया।

### मेट गाला क्या है?

मेट गाला को 'फैशन का ऑस्कर' भी कहा जाता है, न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट के कॉस्ट्यूम इंस्टीट्यूट के लिए फंड जुटाने वाला एक वार्षिक आयोजन है। 1948 में शुरू हुआ यह इवेंट पहले एक साधारण डिनर पार्टी था, लेकिन अब यह फैशन, कला और संस्कृति का सबसे बड़ा मंच बन चुका है। हर साल एक खास थीम के इर्द-गिर्द सितारे अपने डिजाइनर आउटफिट्स में रेड कारपेट पर अनोखे अंदाज में नजर आते हैं। यह आयोजन न केवल फैशन की दुनिया में नए ट्रेंड्स सेट करता है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर भी चर्चा का केंद्र बनता है। पिछले साल इस इवेंट ने म्यूजियम के लिए 26 मिलियन डॉलर से ज्यादा की राशि जुटाई थी।

### इस साल की थीम और ड्रेस कोड...

*इस साल मेट गाला की थीम है :* 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल्स'। जो ब्लैक फैशन शैली और उनके सांस्कृतिक प्रभाव पर आधारित है। यह थीम मोनिका एल. मिलर की किताब स्लेव्स टू फैशनः ब्लैक डैंडीज्म एंड द स्टाइलिंग ऑफ ब्लैक डायस्पोरिक आइडेंटिटी से ली है। यह थीम 18वीं सदी के यूरोपीय फैशन से लेकर आधुनिक समय तक ब्लैक डैंडीइज्म की यात्रा को दिखाएगी, जिसमें रंगों, सिल्हूट्स और एक्सेसरीज जैसे टोपी, छड़ी, ब्रोच और पॉकेट स्क्वायर की बारीकियों पर जोर होगा। ड्रेस कोड 'टेलर्ड फॉर यू' मेहमानों को ट्रेडिशनल मेल ड्रेस में रचनात्मक बदलाव करने की आजादी देता है।



## 9 मई को रिलीज होगी 'भूल चूक माफ'

**मुंबई।** हाल ही में राजकुमार राव और वामिका गब्बी की बहुचर्चित फिल्म 'भूल चूक माफ' का बोनस ट्रेलर निर्माताओं द्वारा रिलीज किया गया है, जो दर्शकों के लिए एक तोहफा है। इस ट्रेलर में अभिनेता अपनी शादी के लिए तमाम उपायों को करते नजर आ रहे हैं और वह अपनी हल्दी की ही रश्म में फंसे दिख रहे हैं। करण शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार राव और वामिका गब्बी के अलावा सीमा पाहवा अहम किरदार में हैं। एक मिनट 21 सेकेंड के इस बोनस ट्रेलर की शुरुआत में वामिका शादी के लिए राजकुमार राव को भगा लाती हैं। इसके बाद 'ट्रेलर में राजकुमार राव शादी करने के लिए तमाम उपायों को करते नजर आते हैं, जैसे सरकारी नौकरी खोजना, गाय को रोटी के साथ गुड़ खिलाना आदि।



## 10 नए चेहरों को लांच करेंगे आमिर...

**मुंबई।** 2007 की सुपरहिट फिल्म 'तारे जमीन पर' का सीक्वल है 'सितारे जमीन पर'। 'सितारे जमीन पर' का पहला पोस्टर देखते ही फैंस में फिल्म को लेकर उत्साह और अधिक बढ़ गया है। यह फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पोस्टर में आमिर खान के साथ 10 नए चेहरे भी नजर आए, जिससे साफ है कि फिल्म की कहानी से लेकर स्टार कास्ट भी अनोखी होगी। इन 10 एक्टर्स में अरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर शामिल हैं। आमिर खान 2025 में बॉलीवुड में वापसी कर रहे हैं। उन्हें आखिरी बार 2022 में फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में देखा गया था। अब वह 'सितारे जमीन पर' लेकर आ रहे हैं।

## धर्मेंद्र ने शायरी के जरिए बताया जिंदगी का पाठ...



**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र ने एक से बढ़कर एक फिल्में दीं और अपने किरदार से लोगों का दिल जीता। वह फिल्मों और अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस से जुड़े रहते हैं। हिंदी सिने जगत के इस बड़े स्टार ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपने फैंस को खास संदेश देते दिखे। धर्मेंद्र ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह अपने घर में बैठे दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने ब्लैक कलर की शर्ट और जींस पहनी हुई है। वीडियो में वह कैमरे की ओर देखते हुए एक शेर पढ़ते हैं, जो उर्दू और हिंदी में है। एक्टर कहते हैं, 'मौका दिया मुकद्दर ने, दिल दिमाग एक हुए... नेकी भी साथ हुई, मेहनत और मशक्कत की मंजिलें तय होती गई... और हम सुर्खुरू हुए।' इस शेर का मतलब यह है कि किस्मत से तो बहुत कुछ तय होता है, लेकिन मेहनत जरूरी है, जिंदगी में अच्छा व्यवहार और नीयत रखना भी उतना ही जरूरी है, तभी इंसान सम्मान का हकदार होता है। उनके इस वीडियो पर लोग जमकर कमेंट कर रहे हैं। बेटी ईशा देओल ने कमेंट में रेड हार्ट इमोजी भेजे। कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी ने भी कमेंट में रेड हार्ट इमोजी की झड़ी लगा दी। वहीं, एक यूजर ने कमेंट में उनके लिए एक शेर लिखा – 'मेहनत वो चिंगारी है जो तकदीर के अंधेरे को भी रोशन कर देती है आपके हर कतरा-ए-पसीने में एक नया सवेरा छुपा है!'

### अभी भी फिल्मों में हैं सक्रिय

हाल ही में बेटी ईशा ने पापा धर्मेंद्र और मां हेमा को शादी की 45वीं सालगिरह की बधाई दी थी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर उनकी कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें धर्मेंद्र और हेमा अपनी दोनों बेटियों ईशा और अहाना के साथ दिखे। ईशा ने कैप्शन में लिखा, 'हैप्पी एनिवर्सरी मम्मा और पापा। आप मेरी दुनिया हैं। मैं आपसे प्यार करती हूं।' धर्मेंद्र अभी भी फिल्मों में सक्रिय हैं। 2024 में कृति सेनन और शाहिद कपूर स्टारर 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई है।

## टीवी मसाला



## गौतमी कपूर ने किया था छेड़छाड़ का सामना

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस गौतमी कपूर के साथ बहुत कम उम्र में छेड़छाड़ की घटना हुई थी।एक अजनबी शख्स ने उनके साथ बस में गंदी हरकत की थी। इस घटना ने एक्ट्रेस को बहुत डरा दिया था और फिर वह तुरंत बस से उतर गई थीं। उस वक्त गौतमी लगभग 12 साल की थीं। हाल ही में गौतमी कपूर ने उन्होंने अपने स्कूल के दिनों में हुई इस घटना का जिक्र किया और बताया कि उस वक्त उनकी मां ने उन्हें बहुत सपोर्ट किया था। इसके अलावा मां ने उन्हें गलत के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही थी। एक्ट्रेस ने कहा कि वह मुंबई से भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई हैं। उनका मानना है कि मुंबई काफी सुरक्षित है और इस शहर ने उन्हें सब कुछ दिया है। गौतमी ने यह भी बताया कि अपने कॉलेज के दिनों में वह बस से सफर करती थीं। दरअसल, वह पांच साल की उम्र से ही बस से ट्रैवल कर रही थीं, क्योंकि उनके परिवार के पास कोई गाड़ी नहीं था। इंटरव्यू के दौरान गौतमी से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी कोई अप्रिय घटना का सामना किया है, तो उन्होंने बताया, 'यह तब हुआ जब मैं छठी क्लास में थी। एक आदमी ने पीछे से मेरी पैंट के अंदर हाथ डाल दिया था। मैं बहुत छोटी थी, इसलिए मुझे समझने में कुछ समय लगा कि क्या हो रहा है। मैं बहुत डर गई थी और तुरंत बस से उतर गई। पूरी सिचुएशन को समझने में मुझे 15-20 मिनट लगे। मैं यही सोचती रही कि क्या वह आदमी मेरा पीछा कर रहा है। गौतमी ने बताया कि जब यह घटना हुई, तब वह अपने स्कूल की यूनिफॉर्म में थी. उन्होंने कहा, 'जब मैं घर पहुंची तो अपनी मां को इस बारे में बताने से बहुत डर रही थी। मुझे लगा कि वह मुझे डांटेंगी। जब मैंने उन्हें बताया तो उन्होंने कहा कि क्या तुम पागल हो? तुम्हें मुड़कर उसे थप्पड़ मारना चाहिए था या उसका कॉलर पकड़ लेना चाहिए था। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर कोई ऐसा कुछ करे, तो उसका हाथ कसकर पकड़ लो, जोर से चिल्लाओ और कभी घबराओ मत। अगर तुम्हें डर लगे, तो अपने पास पेपर स्प्रे रखो और उसे उनके चेहरे पर छिड़क दो या फिर अपना जूता उतारकर मारो। तुम्हें कुछ नहीं होगा। बिल्कुल भी नहीं डरना चाहिए।

## टी-सीरीज के साथ मिलकर भक्ति संगीत को बढ़ावा देंगे मनोज मुंतशिर...



***मुंबई।** टी-सीरीज ने मनोज मुंतशिर और उनकी पत्नी निर्माता नीलम मुंतशिर शुक्ला के साथ सहयोग करने का फैसला किया है। टी-सीरीज ने प्रार्थना भक्ति संगीत लेबल के साथ सहयोग की घोषणा की है, जो सनातन भक्ति संगीत को समर्पित है। टी-सीरीज और प्रार्थना भक्ति संगीत लेबल के बीच का यह सहयोग सनातन धर्म को समर्पित है। यह संगीत के माध्यम से भारत की कालातीत आध्यात्मिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने का एक प्रयास है। इसके साथ टी-सीरीज गुलशन कुमार भजन परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास करेगी। भक्ति संगीत की परंपरा को आगे ले जाने के अलावा 'प्रार्थना - द साउंड ऑफ सनातन' नई और उभरती हुई संगीत प्रतिभाओं को मंच भी देगा। यह लेबल सक्रिय रूप से नई आवाजों और संगीतकारों की तलाश करेगा और उन्हें बढ़ावा देगा जो भक्ति संगीत के प्रति लगाव रखते हैं। साथ ही भारत की संस्कृति को बढ़ाने के प्रयास में हैं। इस सहयोग को लेकर भूषण कुमार ने कहा, 'इस साझेदारी के जरिए हम अपने पिता गुलशन कुमार जी के भक्ति संगीत को सेवा के रूप में देखने के नजरिए का सम्मान करते हैं। हम एक ऐसी जगह बनाने के लिए उत्साहित हैं जहां परंपरा और नई प्रतिभा दोनों ही एक साथ रह सकें।*

### एक्टर के निधन पर काका ने कही थी दिल छू लेने वाली बात

## संजीव कुमार और राजेश खन्ना के बीच थी कोल्ड वॉर

***नई दिल्ली।** राजेश खन्ना और संजीव कुमार हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे शानदार एक्टर्स माने जाते हैं। दोनों ने ही अपने कॅरियर की शुरुआत लगभग साथ में ही की थी। फिल्मी दुनिया के इस सफर में एक सुपरस्टार बन गया और दूसरा अलग और जानदार किरदारों से तारीफें बटोरता रहा। दोनों इंडियन थिएटर असोसिएशन से जुड़े हुए थे। नाटकों में काम कर रहे थे। एक ही समय के दो टॉप के एक्टर्स ,लेकिन दोनों के बीच न तो दोस्ती हुई और न ही दुश्मनी। हां, एक -दूसरे के व्यवहार से जरूर दिक्कतें होती थीं। इनके बीच की कोल्ड वॉर कभी खुलकर सामने नहीं आई।*

### राजेश की गर्लफ्रेंड से जुड़ा था संजीव का नाम



एक और रिपोर्ट के मुताबिक उन दिनों अंजू और संजीव कुमार के बीच अच्छा रिश्ता बन गया था, जिससे राजेश खन्ना को दिक्कतें होने लगी थी। इस बारे में खुद एक्ट्रेस ने अपने पुराने इंटरव्यू में बात करते हुए संजीव कुमार के साथ अपने रिश्ते को बेबुनियाद बताया था।

### संजीव कुमार को घमंडी लगते थे काका

रिपोर्ट के मुताबिक संजीव कुमार को राजेश खन्ना घमंडी लगते थे। दरअसल, ये वो वक्त था जब राजेश खन्ना की जिंदगी में एक्ट्रेस अंजू महेंद्रू थीं। काका अक्सर उनसे मिलने फिल्मों के सेट पर जाया करते थे। उन दिनों अंजू, संजीव कुमार के साथ फिल्म महंगा सौदा नाम की फिल्म में काम कर रही थीं। हर बार की तरह राजेश खन्ना, अंजू से मिलने सेट पर आते थे, प्रेमिका से मुलाकात करते और चले जाते थे। काका का ये बर्ताव फिल्म के सेट पर किसी को भी पसंद नहीं था। संजीव कुमार इन्हीं कुछ वजहों के चलते उन्हें घमंडी भी समझते थे।

### फिर भी साथ में किया काम

राजेश खन्ना और संजीव कुमार के बीच चल इस कोल्ड वॉर के बाद भी दोनों ने जीपी सिप्पी की फिल्म बंधन में साथ काम किया। दोनों एक-दूसरे के साथ प्रोफेशनल तारीके से पेश आए। ऐसी भी खबरें थीं कि फिल्म आनंद में अमिताभ बच्चन का किरदार संजीव कुमार निभाने वाले थे। लेकिन, राजेश खन्ना ने एक्टर की परफॉरमेंस के डर से वो रोल अमिताभ बच्चन को दिया गया। फिल्म आनंद के दौरान वाली इस घटना को उनकी गर्लफ्रेंड रही एक्ट्रेस अंजू महेंद्रू ने स्वीकार किया था। एक्ट्रेस ने बताया था कि राजेश खन्ना हमेशा से संजीव कुमार से इनसिक्योर महसूस करते थे। हालांकि, इसके बाद दोनों ने फिल्म आपकी कसम में साथ में काम किया था।

### अंतिम विदाई

ऐसी भी खबरें हैं की जब संजीव कुमार का निधन हुआ तो राजेश खन्ना अपनी सभी फिल्मों की शूटिंग छोड़कर उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे थे। एक्टर ने संजीव कुमार के अंतिम विदाई के दौरान कहा था, 'मैं अपने प्रिय सहकर्मी को श्रद्धांजलि देने आया हूं। हरिभाई (संजीव कुमार) एक बेहतरीन एक्टर थे, एक एक्टर के एक्टर।'

## खबर संक्षेप

### जनदर्शन में आए 24 आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को जनदर्शन में कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्रवाई करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा की

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रह जाए, यह प्रत्येक संबंधित अधिकारी की नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जिले के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया कि वे लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन शीघ्र पूर्ण करें और आवास स्वीकृति की प्रक्रिया में तेजी लाएं और लंबित आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता से करें। कलेक्टर श्री पंचोली कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ट्रांसफर पॉलिसी के अंतर्गत अधिकारी एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के आधार पर ट्रांसफर पॉलिसी के दायरे और निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही किए जाएं।

### 8 पदों के लिए आवेदन 26 तक

**बैकुण्ठपुर।** एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना बैकुंठपुर से मिली जानकारी के अनुसार जिले के 8 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए चार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं चार आंगनबाड़ी सहायिका के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। आंगनबाड़ी केन्द्र रटंगा, जमनीपारा (खरवत), चितमारपारा और बरदिया अ, में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा आंगनबाड़ी केन्द्र पटेलपारा, मनसुख स, छोटे झुमरपारा, कसरा-2 में सहायिका के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 26 मई तक कार्यालयीन दिवस व समय में आवेदन जमा कर सकते है।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से वृद्धा की मौत

**बैकुण्ठपुर।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक वृद्धा की मौत हो गई, जबकि मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा एमसीबी जिले के जनकपुर के कैलाश मंदिर के पास मेनरोड पर घटित हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका बूंदी बाई अहिरवार उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम नौढिया अपने रिश्तेदार अर्जुन सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी ददरी चौकी जिला सीधी (म.प्र.) के साथ एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल से जा रही थीं, तभी वाहन क्रमांक एमपी 18 जेडएफ 9441 के चालक महेश सोनी निवासी सतकियारी ने तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बूंदी बाई व अर्जुन सिंह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जनकपुर लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद शहडोल मेडिकल कॉलेज (म.प्र.) रिफर किया गया। रास्ते में गोहपारू शासकीय अस्पताल के पास बूंदी बाई की मौत हो गई। अर्जुन सिंह का इलाज शहडोल मेडिकल कॉलेज में जारी है। मर्ग क्रमांक 30/2025 की जांच के बाद थाना जनकपुर में वाहन चालक महेश सोनी के विरूद्ध बीएनएस की धारा 106 (1), 281 व 125(ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। पुलिस ने मामला विवेचना में लिया है।

---

पांच दशकों से कर रहे हैण्डपंप लगाने की मांग

# दुमढोढ़ा बस्ती में हैंडपंप तक नहीं ग्रामीण ढोढ़ी से बुझा रहे प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/मैनपाट

**खास बातें**

- बांस-बल्ली के सहारे गांव तक पहुंचाई बिजली
- कठिन परिस्थितियों में कर रहे जीवन-यापन

शासन द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत गांवों में पानी टंकी के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है वहीं छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत कुदारीडीह के दुमढोढ़ा बस्ती में अभी तक प्रशासन हैण्डपंप तक की व्यवस्था नहीं कर सका है। ग्रामीण पिछले पांच दशकों से ढोढ़ी के पानी से अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

विकासखण्ड मुख्यालय नर्मदापुर से कुछ दूरी पर स्थित है ग्राम पंचायत कुदारीडीह की आश्रित बस्ती दुमढोढ़ी की दूरी विकासखण्ड मुख्यालय नर्मदापुर से 7 किमी एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय से 5 किमी है। विरल बसाहट वाले दुमढोढ़ा की दूरी अधिक होने के कारण बस्ती के ग्रामीण पिछले पांच दशकों से मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं। ग्रामीणों के आवागमन के लिए पगडंडी का सहारा है। ग्रामीणों ने बांस-बल्ली के सहारे गांव तक बिजली के तार पहुंचा दिए हैं तथा हुकिंग कर अपने घरों को रोशन भी कर रहे हैं। कम आबादी होने के कारण बाहरी लोगों का आवागमन यदाकदा ही होता है। चुनाव के दौरान उम्मीदवारों एवं समर्थकों की आवाजाही होने से गांव की रौनक बढ़ जाती है। आगंतुक ग्रामीणों के कठिन जीवन को निकट से देखते हैं तथा समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन भी देते हैं लेकिन कभी इनकी हालत नहीं बदली। गांव में सबसे बड़ी समस्या स्वच्छ पेयजल की है। अभी तक प्रशासन दुमढोढ़ा बस्ती में हैंडपंप तक की व्यवस्था नहीं कर सका है। बस्ती के पास से ही बरिमा नाला गुजरा है। नाला के किनारे एक प्राकृतिक ढोढ़ी है। ग्रामीण सालो भर इसी ढोढ़ी के पानी से अपनी प्यास बुझाते हैं। जल जीवन मिशन के तहत कुदारीडीह में पानी टंकी का निर्माण किया गया है। योजना के माध्यम से नियमित घर-घर पेयजल की आपूर्ति भी की जा रही है दुमढोढ़ा बस्ती की दूरी अधिक होने के कारण गांव तक पाइपलाईन का विस्तार नहीं हो सका है। ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिलने की उम्मीद जगी थी लेकिन तत्कालीन पंचायत प्रतिनिधियों ने अधिक दूरी का हवाला देकर पाइप लाइन विस्तार करने से मना कर दिया। इस संबंध में सरपंच मिथिलेश डोरा ने बताया कि दुमढोढ़ा बस्ती में पेयजल की समस्या है। समस्या के निराकरण के लिए आवश्यक पहल की जाएगी। जनपद सदस्य मृगेन्द्र सिंह ने कहा कि मैं आज ही ग्रामीणों से मिलकर समस्या की जानकारी लेता हूं। समस्या के निराकरण के लिए आवश्यक पहल की जाएगी।



ढोढी से पानी भरती महिलाएं।

### बरसात में नाले के पानी का सहारा

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात में नाला लबालब हो जाता है तथा नाले में बाढ़ आने से किनारे की ढोढ़ी डूब जाती है। ऐसे में ग्रामीणों को तीन महीने तक नाले के पानी से प्यास बुझानी पड़ती है। ग्रामीण नाले का पानी लाकर पानी में घुले मिट्टी के नीचे बैठने का इंतजार करते हैं इस पानी का उपयोग पीने एवं भोजन बनाने के लिए करते हैं। जानकारी के अभाव में ग्रामीण अपनी समस्याओं के लिए पंचायत पर निर्भर है। चुनाव के दौरान लोग समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन तो देते हैं लेकिन चुनाव के बाद वादा भूल जाते हैं।

### पांच दशकों से विकास का इंतजार

दुमढोढ़ा निवासी रामप्रसाद कुजूर आ.कुंवर साय ने बताया कि 50 साल पूर्व एक-दो परिवारों ने बस्ती की नींव डाली थी। अब बस्ती में 15 से अधिक परिवार निवासरत है। कम आबादी एवं अधिक दूरी होने के कारण बस्ती की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता। गांव के सभी लोग पारंपरिक खेती एवं वनोपज पर आश्रित है। स्कूल की दूरी अधिक होने के कारण बच्चे शिक्षा से दूर है। ग्रामीणों ने स्वयं बांस-बल्ली के सहारे डेढ़ किमी दूर से बस्ती तक बिजली पहुंचाया है। पेयजल समस्या से जनप्रतिनिधियों को अनेको बार अवगत कराया गया लेकिन किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। अब तो ग्रामीण इसकी चर्चा करना भी बंद कर दिए है।

### की जाएगी व्यवस्था

जल जीवन मिशन अंतर्गत घर-घर पेयजल उपलब्ध कराने की पहल चल रही है। दुमढोढ़ा बस्ती में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। जल जीवन मिशन के विस्तार में समस्या होने पर बस्ती में हैंडपंप लगवाया जाएगा।

-एसके सिन्हा, ईई, पीएचई

---



# विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं ने किया विवि का घेराव, कुलसचिव को सौंपा मांगों का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- मांगों के पूरा नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की दी चेतावनी

अपनी ग्यारह सूत्री मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं ने संत गहिरा गुरू विवि का घेराव किया। इस दौरान परिषद् के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा मचाया तथा विवि प्रबंधन पर प्रशासनिक उदासीनता एवं शैक्षणिक अनियमितता करने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने विवि परिसर में घुसने से रोकने पर हंगामा मचाया तथा पुलिसकर्मियों से झूमाझटकी की।

छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं ने एसजीजीयू का घेराव किया। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए विवि द्वारा बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया था। पुलिसकर्मियों द्वारा प्रदर्शनकारियों को विवि परिसर में घुसने से रोकने पर कार्यकर्ताओं एवं पुलिस बल के बीच जमकर झूमाझटकी हुई। एबीवीपी ने अपने 11 सूत्री मांग पत्र में विवि प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया है। आरोपों में भकुरा परिसर में भवन निर्माण में भ्रष्टाचार, विवि पहुंच मार्ग की बदहाल स्थिति एवं सुधार की पहल नहीं करने, पाठ्यक्रम पूरा हुए बिना परीक्षाएं कराने, परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए मूलभूत सुविधाएं विकसित नहीं करने के आरोप शामिल हैं। प्रदर्शनकारी छात्रों ने बताया कि वर्षों से इन समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया जा रहा है लेकिन अब तक निराकरण की पहल नहीं हुई है। इस दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों ने आरोप लगाया कि विवि के कुलसचिव के कमरे में दो ऐसी लगाए गए हैं लेकिन छात्र-छात्राओं के पेयजल की व्यवस्था नहीं की गई है। दूर-दूर के विद्यार्थी अपनी समस्याओं को लेकर 15 किमी दूर विवि परिसर पहुंचते हैं लेकिन उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण नहीं हो पाता। आवागमन की सुविधा नहीं होने एवं विवि की जर्जर सड़क से छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। परिषद के कार्यकर्ताओं ने कुल सचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी को ज्ञापन सौंप विवि की अधोसंरचना में सुधार, पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद परीक्षाएं कराने, विवि में हुए फर्जीवाड़ा की जांच कराने, अवैधानिक भर्तियों की निष्पक्ष जांच कराने, स्नातकोत्तर के नए पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने, विवि की जर्जर सड़क की मरम्मत कराने, समय पर परीक्षा परिणामों की घोषणा करने, परीक्षा में पाठ्यक्रम से बाहर के प्रश्नों को बंद करने एवं परीक्षा संचालन में पारदर्शिता लाने की मांग की तथा मांगों का त्वरित निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस दौरान एबीवीपी के जिला संयोजक पलाश पाण्डेय, नगर मंत्री रानी मिश्रा, लक्ष्मी सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व विद्यार्थी उपस्थित थे।

---

# भूमाफिया के साथ मिलकर फर्जी तरीके से बेची पहाड़ी कोरवा की जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- जांच में हुई पुष्टि, संभागायुक्त ने प्रभारी उप पंजीयक को किया निलंबित

पहाड़ी कोरवा ग्रामीण की जमीन को फर्जी तरीके से बेचने और भूमाफियाओं की प्रताड़ना से तंग आकर युवक पहाड़ी कोरवा ग्रामीण द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में अब प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में तत्कालीन तहसीलदार एवं प्रभारी उप पंजीयक द्वारा भूमाफियाओं के साथ मिलकर पहाड़ी कोरवा ग्रामीण को दूसरे के नाम पर बेचने की पुष्टि हुई है जिसके बाद एसडीएम की जांच के बाद संभागायुक्त ने तत्कालीन तहसीलदार एवं उपपंजीयक यशवंत कुमार को निलंबित कर दिया है।

जांच रिपोर्ट में पाया गया कि तत्कालीन तहसीलदार एवं प्रभारी उप पंजीयक राजपुर यशवंत कुमार के द्वारा ग्राम भेस्की निवासी जुबारो की जमीन को क्रेता शिवाराम के मध्य पंजीकृत बिक्रयनामा निष्पादित किया गया। जबकि सह खातेदार की भूमि होने के कारण पंजीयक द्वारा संपत्ति अंतरण अधिनियम पर विचार-विमर्श किये बिना पंजीयन नहीं किया जा सकता है। चूंकि बिक्रेता पहाड़ी कोरवा विशेष जनजाति समुदाय का व्यक्ति है और कलेक्टर सरगुजा के आदेश के द्वारा पहाड़ी कोरवा/पण्डो/मझवार तथा मांझी जनजाति की भूमि सक्षम अधिकारी के पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना खरीदी-बिक्री नहीं की जा सकती। इस प्रकार जुबारो की जमीन को क्रेता एवं अन्य के साथ मिलकर संयुक्त खाते की भूमि को छलपूर्वक एवं धोखाधड़ी कर संगठित अपराध किया गया है। तत्कालिन प्रभारी उप पंजीयक यशवंत कुमार के द्वारा उक्त आदेश का स्पस्ट उल्लंघन किया गया है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विरूद्ध है। इस संबंध में सरगुजा संभागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा द्वार तत्कालीन तहसीलदार एवं प्रभारी उप पंजीयक को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1)(क)(ख) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है तथा उनका मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर सूरजपुर, जिला सूरजपूर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में श्री कुमार को जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

---

# नागपुर पंचायत में स्वच्छता श्रमदान

हरिभूमि न्यूज. नागपुर

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की ग्राम पंचायत नागपुर में मंगलवार को एक प्रेरणादायक स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, जनपद सदस्य शाहनवाज अली, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती वैशाली सिंह सहित पंचायत प्रतिनिधि, एनआरएलएम समूह की महिलाएं, ग्रामीणजन एवं अन्य विभागीय अधिकारी शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत पंचायत भवन से सामूहिक स्वच्छता संकल्प के साथ हुई। इसके उपरांत ग्राम तालाब, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई। इस दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने खुद अपने हाथों में झाड़ू लेकर कचरा हटाया और लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाया। वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। जब जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्वयं श्रमदान करते हैं, तो समाज में प्रेरणा की लहर दौड़ती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे नियमित सफाई करें और खुले में शौच न करने की आदत डालें। जनपद पंचायत की सीईओ श्रीमती वैशाली सिंह ने कहा कि स्वच्छता को जन आंदोलन के रूप में जिले में आगे बढ़ाया जा रहा है। एनआरएलएम समूह की महिलाएं गांव-गांव जाकर स्वच्छता जागरूकता फैला रही हैं। नागपुर पंचायत का यह श्रमदान कार्यक्रम प्रशासन और समाज के सामूहिक प्रयासों का अनुकरणीय उदाहरण है। इस कार्यक्रम में सरपंच, सचिव, तकनीकी सहायक एवं अन्य पंचायत कर्मचारी भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। एनआरएलएम समूह की महिलाओं ने श्रमदान के साथ-साथ नारे लगाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई। समापन के अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ ली-जिसमें उन्होंने अपने घर-आंगन व सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने, दूसरों को भी प्रेरित करने और नियमित श्रमदान करने का संकल्प लिया।



संचालित अभियान

---

# कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध क्रॉस-वोटिंग

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

भारतीय राष्टीय कांग्रेस एमसीबी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं वार्ड क्रमांक 19 मनेन्द्रगढ़ से निर्वाचित पार्षद अजय जायसवाल ने एक गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि हाल ही में संपन्न नगरपालिका उपाध्यक्ष पद के चुनाव में पार्टी के ही कुछ निर्वाचित पार्षदों ने अनुशासनहीनता का परिचय देते हुए अधिकृत कांग्रेस प्रत्याशी के विरूद्ध क्रॉस-वोटिंग की, इससे न केवल कांग्रेस प्रत्याशी की हार सुनिश्चित हुई, बल्कि भाजपा के प्रत्याशी को अप्रत्याशित रूप से विजय भी मिली।



पार्षद ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को भेजे ज्ञापन में आरोप लगाया है कि संबंधित पार्षदों ने निजी लाभ एवं कथित रूप से आर्थिक प्रलोभन के चलते पार्टी निर्देशों की अवहेलना करते हुए विपक्षी दल के पक्ष में मतदान किया, इससे कांग्रेस की न केवल राजनीतिक छवि धूमिल हुई, बल्कि पार्टी अनुशासन की भी गंभीर अवहेलना हुई है। उक्त पार्षद ने स्पष्ट किया कि वह विगत 25 वर्षों से कांग्रेस पार्टी के सक्रिय, समर्पित और अनुशासित कार्यकर्ता रहे हैं और पार्टी के मूल्यों और सिद्धांतों के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि जो भी पार्षद कांग्रेस के आधिकारिक निर्णयों के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं, उन पर तत्काल और कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अगर ऐसे मामलों में समय रहते कार्रवाई नहीं होती, तो इससे जमीनी कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है और पार्टी की अखंडता पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं। यह पत्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश शर्मा को भी प्रेषित किया गया है, इससे पार्टी के शीर्ष नेतृत्व तक यह गंभीर मुद्दा पहुंच सके और आवश्यक निर्देश जारी किए जा सकें।

---

# सूने का ताला तोड़कर चोरों ने पार किया नकदी व स्कूटी



**सूरजपुर।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम चंदरपुर नरवापारा निवासी संतोष कुमार जायसवाल आ. राम प्रताप जायसवाल (35 वर्ष) चिरमिरी ब्रांच स्थित बैंक में पदस्थ है। 30 अप्रैल को घर आया था और दूसरे दिन घर बंद चाबी अपने पास रख लिया जबकि गेट का चाबी पड़ोसी लक्ष्मण साहू को दिया था जो बाहर पानी भरते थे। 3 मई की दोपहर ओम प्रकाश सिंह को शादी में बिहारपुर जाने की बात कही जिस पर ओम प्रकाश अपनी बोलेरो को धोने गया तो घर का दरवाजा खुला देख घर में चोरी होने की बात मकान मालिक संतोष को बताया।

घटना की जानकारी लगने पर संतोष घर पहुंचा तो देखा दरवाजा में लगा ताला व अलमारी का ताला टूटा हुआ। मकान मालिक ने अलमारी में रखे सामान की तलाशी ली तो पता चला की नगद 96 हजार रुपए गायब है। साथ ही घर में खडी स्कूटी क्रमांक सीजी 15 आरसी 0955 गायब है। घटना की रिपोर्ट मकान मालिक थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

---

## पृष्ठ 1 का शेष

### कार्यकर्ता सजग रहकर...

कुशल बना सकता है, इससे न केवल सरकार के कार्यो में निरंतरता आएगी, बल्कि राष्टीय एकता और अखंडता भी और ज्यादा सुदृढ़ होगी। जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर मंडलवार समीक्षा किया। इसमें पार्टी स्थापना दिवस, डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सहित आगामी कार्यक्रमों के लिए मार्गदर्शन किया। अनुसूचित जनजाति अध्यक्ष रामप्रताप मरावी ने पहले वक्फ बोर्ड अधिनियम केवल लूटने का काम कर रहा था, किंतु अब मोदी सरकार द्वारा पारित संशोधन बिल गरीब पीड़ति और वंचित मुसलमान के हक के लिए मील का पत्थर साबित होगा। बैठक में जिला सह मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े, युवा मेर्चा जिलाध्यक्ष हितेश सिंह, धीरेन्द्र साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतेन्द्र राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, दीपा विश्वकर्मा, मनेजर राजवाड़े, संजय चिकनजूरी, किशोर सिरदार, रामलखन यादव, नरेश्वर रजक, सुभाष साहू, अरशद खान, मनोज साहू,मंजू जिवनानी, रिता यादव, सविता मिश्रा, शारदा गुप्ता, रामशंकर साहू, रामसुंदर राजवाड़े, राजेन्द्र चक्रधारी, अमलू सिरदर, जगनारायण साहू,रवि त्रिपाठी, सुरेश राजवाड़े, रमेश तिवारी, दिलीप राजवाड़े, रोशन राजवाड़े, मुन्ना चक्रधारी, शंकर सोनी, राजेश सोनी, राकेश गुप्ता सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त,11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन